# जिला एवं सत्र न्यायालय, भदोही-ज्ञानपुर
## नीलामी के नियम व शर्तें

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय भदोही-ज्ञानपुर के कम्प्यूटर अनुभाग के निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर सिस्टम एवं सहवर्ती उपकरणों की **नीलामी दिनांक 12.02.2025 दिन बुधवार** नियत की गयी है । नीलामी खुली बोली के आधार पर सम्पन्न की जायेगी । नीलामी की कार्यवाही दिनांक 12.02.2025 दिन बुधवार को जनपद न्यायालय भदोही-ज्ञानपुर के सभागार कक्ष में समय सायं 04:00 बजे से सम्पादित की जायेगी । इच्छुक व्यक्ति नीलामी की शर्तो के अधीन नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं ।

जनपद न्यायालय भदोही के कम्प्यूटर अनुभाग के निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर हार्डवेयर्स एवं सहवर्ती उपकरणों का विवरण निम्नवत है-

| क्रम संख्या | कम्प्यूटर सिस्टम एवं सहवर्ती उपकरण का विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | HP Server (With Monitor and Keyboard Mouse) (Sr. No.-SGH9172CMA, SHG9172CP8) | 02 अदद |
| 2. | 02KVA यूनीलाइन यू०पी०एस० बैट्री सहित<br>Sr. No.-2K9D-68E | 01 अदद |
| 3. | एच०पी० लेजरजेट प्रिन्टर पी 1008<br>(Sr. No.-VNF5M38013,VNF5M30165,VNF5F17054, VNF5M38011,VNF5508122,VNF5515646) | 06 अदद |
| 4. | HCL Slim सी०पी०यू० | 01 अदद |
| 5. | नेटवर्क रैक | 12 अदद |
| 6. | एच०पी० स्कैनजेट 8270 स्कैनर<br>(Sr. No.-CN891A0330) | 01 अदद |
| 7. | पेन ड्राइव(4 GB) | 20 अदद |
| 8. | Numeric(600 VA) यू०पी०एस० | 02 अदद |
| 9. | BPE(01KVA) यू०पी०एस० | 01 अदद |
| 10. | कार्टेज 88 ए | 350 अदद |
| 11. | कार्टेज 230 ए | 500 अदद |
| 12. | ड्रम 232 ए | 50 अदद |
| 13. | कार्टेज 152 ए | 36 अदद |

**उक्त निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर सिस्टम एवं सहवर्ती उपकरणों के नीलामी की प्रमुख शर्तें निम्नलिखित हैः-**

1- उक्त निष्प्रोज्य कम्प्यूटर सिस्टम एवं सहवर्ती उपकरणों की भौतिक सत्यापन एवं संख्या को दृष्टिगत रखते हुए नीलामी समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यूनतम धनराशि अंकन 5,000/-रूपये (पांच हजार रूपये मात्र) निर्धारित की गयी है । जिसे सरकारी बोली की धनराशि मानी जायेगी ।

2- नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रत्येक आवेदन कर्ता नीलामी के लिये आवेदन फार्म मु० 50/- रुपये का भुगतान कर नजारत कार्यालय से **11.02.2025** तक प्राप्त कर सकते हैं ।

3- नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रत्येक आवेदन कर्ता को मु० 1000/- रूपये बतौर जमानत बैंक ड्राफ्ट जिला जज, भदोही-ज्ञानपुर के नाम से बनवाकर या नगद प्रतिभूति के रूप में आवेदन फार्म के साथ नजारत कार्यालय में जमा करना होगा । आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.02.2025 सायं 05:00 बजे तक होगी । नियत तिथि तक जमानत धनराशि जमा न करने पर नीलामी में किसी प्रकार से भाग नही ले सकेगें ।

4- उपरोक्त निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर उपकरणों को नीलामी के पूर्व कार्यालय अवधि में किसी भी कार्य दिवस में सिस्टम आफिसर/सिस्टम असिस्टेन्ट से सम्पर्क कर कम्प्यूटर उपकरणों का निरीक्षण किया जा सकता है ।

5- जिस प्रतिभागी द्वारा उच्चतम बोली लगायी जायेगी उस प्रतिभागी का जमा जमानत धनराशि को उक्त धनराशि में समायोजित कर लिया जायेगा शेष प्रतिभागी की जमानत धनराशि उन्हें वापस कर दी जायेगी ।

6- नीलामी की अंतिम बोली को स्वीकृति करने अथवा अस्वीकृति करने का अधिकारी अंतिम रूप से सक्षम अधिकारी/माननीय जनपद न्यायाधीश, भदोही-ज्ञानपुर को होगा ।

7- नीलामी स्वीकृत होने पर नीलामी प्राप्तकर्ता द्वारा जमानत धनराशि के अतिरिक्त अंतिम बोली की शेष धनराशि को उसी तिथि या अगले कार्य दिवस में नजारत कार्यालय में जमा करना होगा ।

8- नीलामी प्राप्तकर्ता द्वारा स्वीकृत धनराशि को न जमा करने पर नीलामी अस्वीकृत करते हुए उक्त प्रतिभागी की जमा जमानत राशि को राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी ।

9- नीलामी प्राप्तकर्ता द्वारा नीलामी तिथि के पश्चात सम्पूर्ण धनराशि अदा करने के उपरांत एक सप्ताह के अंदर उक्त कम्प्यूटर उपकरणों को अपने स्वयं के खर्चे पर निर्धारित स्थान से ले जाना होगा ।

10- यह नीलामी नोटिस माननीय जनपद न्यायाधीश भदोही के अनुमोदन के पश्चात प्रभावी होगा ।

दिनांकः 28.01.2025

| | | |
|---|---|---|
| **(मधु डोगरा)** | **(सुबोध सिंह)** | **(असद अहमद हाशमी)** |
| **सदस्य, नीलामी समिति/** | **सदस्य, नीलामी समिति/** | **अध्यक्ष, नीलामी समिति/** |
| **अपर जिला जज/पाक्सो प्रथम** | **अपर जिला जज/एफ०टी०सी० प्रथम** | **विशेष न्यायाधीश (एस०सी०/एस०टी० एक्ट)** |
| **जनपद न्यायालय भदोही-ज्ञानपुर** | **जनपद न्यायालय भदोही-ज्ञानपुर** | **जनपद न्यायालय भदोही-ज्ञानपुर** |

Seen. Approved.

30.01.2025

**District Judge**
**Bhadohi at Gyanpur**